भारतीय शिक्षा बोर्ड
मॉड्यूल प्रश्न पत्र - Ist Term
हिंदी - कक्षा 6
सत्र: 2025-26

निर्धारित समय : 1 घंटा **अधिकतम अंक : 20**

निर्देश:

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए अतिरिक्त **10** मिनट का समय दिया जाएगा। इस दौरान छात्र केवल प्रश्न पत्र पढ़ेंगे।
- इस प्रश्न पत्र में कुल तीन खंड हैं।
- **खंड क** में 1 प्रश्न है, जिसकी प्रश्न संख्या 1 है, प्रश्न संख्या 1 में 5 उप प्रश्न हैं, प्रत्येक उप प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित किया गया है।
- **खंड ख** में कुल 5 प्रश्न है, जिनकी प्रश्न संख्या 2 से 6 तक है, प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित किया गया है।
- **खंड ग** में 2 प्रश्न हैं, जिनकी प्रश्न संख्या 7 एवं 8 है, प्रश्न संख्या 7 के लिए 4 अंक निर्धारित किये गये हैं एवं प्रश्न संख्या 8 के लिए 6 अंक निर्धारित किये गये हैं।

खंड-क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर, उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित एक विशाल प्रतिमा है, जिसे गुजरात राज्य के नर्मदा जिले में केवड़िया में स्थापित किया गया है। इस प्रतिमा का अनावरण 31 अक्टूबर 2018 को हुआ था, जो सरदार पटेल की 143वीं जयंती के उपलक्ष्य में किया गया था। यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊँची प्रतिमा है, जिसकी कुल ऊंचाई 182 मीटर (597 फीट) है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण सरदार पटेल के योगदान को सम्मानित करने और भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया था। सरदार पटेल ने भारतीय रियासतों को एकीकृत कर आधुनिक भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई थी। इस प्रतिमा को भारतीय वास्तुकला और तकनीकी कौशल का अद्भुत उदाहरण माना जाता है। इसे मूर्तिकार राम वी. सुतार द्वारा डिजाइन किया गया था।इस परियोजना की लागत लगभग ₹3,000 करोड़ थी। इसके चारों ओर एक विशाल पर्यटक परिसर है जिसमें संग्रहालय, गैलरी, और एक ऑडियो-विजुअल हॉल शामिल हैं। यह स्थल पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन गया है, जहाँ हर साल लाखों लोग आते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को प्रदर्शित करता है और देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गये विकल्पों में से चुनकर लिखिए।

(i) प्रस्तुत गद्यांश में वर्णित प्रतिमा को कहाँ स्थापित किया गया है?

(क) गुजरात राज्य के नर्मदा जिले में

(ख) गुजरात की विधान सभा में

(ग) दिल्ली के इंडिया गेट पर

(घ) गुजरात राज्य के नर्मदा जिले में केवड़िया में

(ii) स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की ऊँचाई कितनी है ?

(क) 182 मीटर

(ख) 180 मीटर

(ग) 181 मीटर

(घ) 184 मीटर

(iii) सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा क्यों बनाई गई?

(क) उनको नहलाने के लिए

(ख) उनकी पूजा करने के लिए

(ग) उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए

(घ) उनकी आरती उतारने के लिए

(iv) सरदार पटेल ने किस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी?

(क) नदियों को जोड़ने में

(ख) सड़कों को जोड़ने में

(ग) भारतीय रियासतों को एकीकृत करने में

(घ) सरकारी भवन बनाने में

(v) 'भारतीय' शब्द में कौन-सा प्रत्यय जुड़ा हुआ है?

(क) तीय (ख) ईय (ग) रतीय (घ) य

खंड-ख (व्याकरण)

प्रश्न 2: निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए -

क) रात-दिन का रोना -

प्रश्न 3: निम्नलिखित शब्द का तत्सम रूप लिखिए -

क) गाँव -

प्रश्न 4: निम्नलिखित शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -

क) वन -

प्रश्न 5: दिए गए प्रत्यय से दो नए शब्द बनाकर लिखिए -

क) इत -

प्रश्न 6: दिए गए शब्द का शुद्ध रूप लिखिए -

क) परक्रम-

खंड-ग (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न 7: निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

सुनो! सुनो, सिदो और कान्हू की तुम सब अमर कहानी बच्चो।
जिनको जान से ज्यादा प्यारी नदियाँ, जंगल, माटी बच्चो।
सच पूछो तो जंगल प्यारे आदिवासियों का असली धन,
गोला औ बारूद लिए, जब घुस आए जंगल में दुश्मन।
बन करके सरकार स्वयं से खेत किसानों के हथियाए,
अंग्रेजी कानून चलाकर अत्याचार बहुत ही ढाए।
सिदो और कान्हू ने तब फिर जला क्रांति की तेज मशाल,
शुरू किया संथाल हुल, अंग्रेज हुए बच्चो बेहाल।
प्यारी बहनें औ भाई सब साथ मिले सिदो और कान्हू के,
बहनें फूलों, औ झानों तो भाई चाँद और भैरव थे।
अंग्रेजों से लड़ते-लड़ते, क्रांतिवीर बलिदान हुए थे,
संथाली जनजाति के गौरव, भारत माँ की शान हुए थे।
तीस जून को हुई शहादत, जिस दिन हूल दिवस मनता है,
इसीलिए सिदो और कान्हू को भारत आज नमन करता है।

(i) **प्रस्तुत कविता के रचयिता का नाम लिखिए |**

(ii) **सीदों और कान्हू कौन थे?**

(iii) संथाली जनजाति का गौरव किसको कहा गया है?

(iv) 'हूल दिवस' के रूप किस दिन को मनाया जाता है?

(v) इस कविता से आपको क्या शिक्षा मिलती हैं?

प्रश्न 8: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-35 शब्दों में लिखिए |

(क) अलगू के पंच बन जाने पर जुम्मन निश्चिंत था, किन्तु अंत में उसकी आशा निराशा में बदल गई, कैसे? पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए |

(ख) 'मित्रता की मुरझाई हुई लता फिर से हरी हो गई' - इस वाक्य का क्या अभिप्राय है? स्पष्ट कीजिए|

(ग) यक्ष ने युधिष्ठिर के चारों भाइयों को जीवित क्यों किया?